40. माँ को अपनी वेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी?

उत्तर- माँ और वेटी का सम्बन्ध मित्रतापूर्ण होता है। इनका सम्बन्ध सभी सम्बन्धों से अधिक आत्मीय होता है। माँ, वेटी के साथ अपना सुख-दुःख वाँट लेती है। वह उसके साथ वाते कर सकती थी, सलाह ले सकती थी। किन्तु अव कन्यादान के वाद वह ससुराल चली जाएगी और वह अकेली रह जाएगी। इसलिये उसे अपनी वेटी अंतिम पूँजी लगती है।

Scanned with CamScanner

24. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विषेषताएँ बताई ?

उत्तर- लक्ष्मण ने वीर योद्धा की निम्नलिखित विशेषताएँ बताई है-

लक्ष्मण ने परशुराम की क्रोध पूर्ण बातों का उत्तर देते हुए कहा कि "वीर पुरुष स्वयं अपनी वीरता का बखान नहीं करते अपितु वीरता पूर्ण कार्य स्वयं वीरों का बखान करते हैं।

वीर पुरुष दीन-हीन ब्राह्मण व गायों पर वीरता का प्रदर्शन नहीं करते।

Scanned with CamScanner

21. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?

उत्तर- कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने निम्नलिखित उदाहरणों द्वारा व्यक्त किया है-

(1) उन्होंने स्वयं की तुलना चींटियों से और श्रीकृष्ण की तुलना गुड़ से की है।

(2) उन्होंने स्वयं को हारिल पक्षी व श्रीकृष्ण को लकड़ी की भाँति वताया है। जिसे उन्होंने दृढ़तापूर्वक थामा हुआ है।

(3) वह श्रीकृष्ण के प्रेम में रात-दिन, सोते-जागते सिर्फ श्रीकृष्ण का नाम ही रटती रहती हैं।

(4) वे कृष्ण से दूर ले जाने वाले योग संदेश को सुनना नहीं चाहती हैं।

Scanned with CamScanner